**दिनांक– 21.08.2023 को श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, भा0प्र0से0, अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की जिलावार प्रगति की मासिक समीक्षात्मक बैठक में की गई समीक्षा एवं निदेश के मुख्य बिन्दु।**

**उपस्थितिः–** यथा संधारित।

दिनांक–21.08.2023 को श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, भा0प्र0से0, अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की उपस्थिति में राज्य के 20 जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों के प्रगति की समीक्षा सम्बन्धित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) एवं भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ की गई।

समीक्षोपरान्त जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन एवं भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्तर पर जिलावार तैयार किए गए समेकित एवं तुलनात्मक प्रतिवेदन की समीक्षा उपरान्त जिलों को दिए गए निदेश निम्नवत् हैं–

1. **<u>2500 खेसरों तक वाले ग्रामों में प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशन की समीक्षाः–</u>** बैठक में सर्वप्रथम समीक्षा में पाया गया कि विगत् बैठकों में दिये गये निरंतर निदेशों के बावजूद 2500 खेसरा तक वाले राजस्व ग्रामों के प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशन की प्रगति संतोषजनक नहीं है एवं मात्र शेखपुरा जिले द्वारा सभी 2500 खेसरों तक वाले ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन किया गया है, जबकि विगत् 03 माह में निम्नांकित जिले यथा–अररिया, अरवल, जमुई, जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, लखीसराय, मधेपुरा, मुंगेर, पूर्णिया, सहरसा, शिवहर, सुपौल द्वारा मात्र क्रमशः 2, 0, 5, 6, 6, 5, 7, 6, 9, 3, 4, 5, 2 राजस्व ग्राम का प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन किया गया है, जिस पर अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा खेद व्यक्त किया गया।

समीक्षा के क्रम में सभी जिलों का 2500 खेसरा तक वाले राजस्व ग्रामों में विगत् 03 माह की प्रक्रमवार तुलनात्मक प्रगति निम्नवत् पाई गई–

**2500 खेसरा तक राजस्व ग्रामों की जिलावार प्रगति**

| SL.NO. | District | Mauza | प्रारूप प्रकाशन | | | खानापुरी | | | प्रपत्र 6 इंट्री | | | एल०पी०एम० लंबित | एल०पी०एम० वितरण के पश्चात् सुनवाई वाले राजस्व ग्राम | | विश्राति के लिए लंबित राजस्व ग्राम | | Map Updation के लिए लंबित राजस्व ग्राम | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | जुन द्वितीय सप्ताह | अगस्त तृतीय सप्ताह | प्रगति | जुन द्वितीय सप्ताह | अगस्त तृतीय सप्ताह | प्रगति | जुन द्वितीय सप्ताह | अगस्त तृतीय सप्ताह | प्रगति | अगस्त तृतीय सप्ताह | जुन द्वितीय सप्ताह | अगस्त तृतीय सप्ताह | जुन द्वितीय सप्ताह | अगस्त तृतीय सप्ताह | जुन द्वितीय सप्ताह | अगस्त तृतीय सप्ताह |
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | ARARIA | 79 | 49 | 51 | 2 | 2 | 0 | 2 | 9 | 1 | 8 | 1 | 2 | 24 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 2 | ARWAL | 166 | 40 | 40 | 0 | 13 | 0 | 13 | 69 | 29 | 40 | 18 | 0 | 79 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | BANKA | 168 | 97 | 108 | 11 | 13 | 1 | 12 | 16 | 9 | 7 | 2 | 12 | 48 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | BEGUSARAI | 299 | 173 | 191 | 18 | 62 | 23 | 39 | 10 | 12 | 2 | 9 | 6 | 42 | 2 | 1 | 0 | 6 |
| 5 | JAMUI | 69 | 29 | 34 | 5 | 4 | 2 | 2 | 17 | 7 | 10 | 5 | 5 | 21 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | JEHANABAD | 159 | 60 | 66 | 6 | 8 | 0 | 8 | 47 | 15 | 32 | 15 | 0 | 61 | 1 | 2 | 0 | 0 |
| 7 | KATIHAR | 116 | 66 | 72 | 6 | 0 | 0 | 0 | 23 | 0 | 23 | 10 | 0 | 34 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | KHAGARIA | 78 | 18 | 23 | 5 | 9 | 1 | 8 | 18 | 11 | 7 | 1 | 8 | 42 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | KISHANGANJ | 284 | 34 | 57 | 23 | 135 | 112 | 23 | 50 | 39 | 11 | 7 | 0 | 58 | 0 | 4 | 0 | 1 |
| 10 | LAKHISARAI | 243 | 99 | 106 | 7 | 42 | 13 | 29 | 60 | 35 | 25 | 19 | 5 | 56 | 0 | 4 | 0 | 5 |
| 11 | MADHEPURA | 61 | 36 | 42 | 6 | 3 | 0 | 3 | 10 | 3 | 7 | 0 | 5 | 16 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | MUNGER | 264 | 169 | 178 | 9 | 10 | 1 | 9 | 43 | 12 | 31 | 17 | 8 | 56 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | NALANDA | 211 | 120 | 149 | 29 | 7 | 0 | 7 | 17 | 0 | 17 | 0 | 3 | 50 | 21 | 3 | 5 | 5 |
| 14 | PURNIA | 53 | 38 | 41 | 3 | 0 | 0 | 0 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | SAHARSA | 42 | 17 | 21 | 4 | 10 | 6 | 4 | 4 | 3 | 1 | 0 | 4 | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | SHEIKHPURA | 160 | 146 | 160 | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | SHEOHAR | 29 | 17 | 22 | 5 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 | 0 | 3 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | SITAMARHI | 90 | 28 | 41 | 13 | 8 | 0 | 8 | 28 | 5 | 23 | 0 | 13 | 44 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | SUPAUL | 76 | 62 | 64 | 2 | 3 | 0 | 3 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| 20 | W. CHAMPARAN | 153 | 94 | 104 | 10 | 12 | 1 | 11 | 13 | 12 | 1 | 21 | 8 | 14 | 2 | 0 | 0 | 1 |
| Total:- | | 2800 | 1392 | 1570 | 178 | 341 | 160 | 181 | 448 | 195 | 257 | 128 | 87 | 675 | 27 | 15 | 5 | 25 |

2500 खेसरों तक वाले राजस्व ग्रामों के प्रगति की समीक्षा उपरान्त 2500 से 5000 खेसरा तक वाले ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण के प्रगति की समीक्षा की गई और निम्नवत प्रगति पाई गई–

**2500 से 5000 खेसरा तक विशेष सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति**

दिनांक–21.08.2023

| क्र0 सं0 | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी: वैसे राजस्व ग्राम जहां खानापुरी शुरू नहीं हुआ | खानापुरी: खानापुरी कार्य चल रहा है। | खानापुरी: खानापुरी पूर्ण परंतु प्रपत्र - 6 इन्ट्री शुरू नहीं हुआ है। | प्रपत्र - 6 इंट्री प्रक्रियाधीन ग्रामों की संख्या | एल0पी0एम0: एल0पी0एम० लंबित | एल0पी0एम0: एल0पी0एम० वितरित | सुनवाई: राजस्व ग्राम जहाँ सुनवाई चल रही है। | सुनवाई: सुनवाई पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 31 | 0 | 31 | 15 | 11 | 11 | 3 (01 मौजा का खानापुरी पर्चा वितरण किया जा चुका है) | 0 | 1 | | | 01 मौजा का खानापुरी पर्चा तिवरण किया जा चुका है। |
| 2 | अरवल | 71 | 0 | 71 | 17 | 22 | 7 | 22 | 3 | 0 | 0 | 0 | |
| 3 | बांका | 57 | 2 | 55 | 4 | 32 | 2 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 2500 तक खेसरा वाले कुल राजस्व ग्रामों की संख्या 60 है, परंतु 3 राजस्व ग्राम का C.S नक्शा उपलब्ध नहीं है। 57 राजस्व ग्राम में कार्य प्रारंभ किया जाना है। |
| 4 | बेगूसराय | 65 | 0 | 65 | 14 | 39 | 0 | 5 | 6 | 1 | 1 | 0 | |
| 5 | जमुई | 30 | 0 | 30 | 0 | 20 | 0 | 6 | 2 | 0 | 2 | 0 | |
| 6 | जहानाबाद | 56 | 0 | 56 | 0 | 18 | 2 | 30 | 6 | 0 | 0 | 0 | |
| 7 | कटिहार | 34 | 0 | 34 | 0 | 0 | 5 | 19 | 10 | 0 | 0 | 0 | 05 राजस्व ग्रामों का मानचित्र अप्राप्त है प्रपत्र 6 कार्य प्रगति पर |
| 8 | खगडिया | 46 | 0 | 46 | 2 | 24 | 2 | 14 | 4 | 0 | 0 | 0 | 20 राजस्व ग्राम का खानापुरी पूर्ण 4 राजस्व ग्राम प्रपत्र 6 इन्टी पूर्ण |
| 9 | किशनगंज | | | | | | | | | | | | इनके द्वारा डाटा नहीं दिया गया है। |
| 10 | लखीसराय | 86 | 0 | 86 | 59 | 27 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 11 | मधेपुरा | 15 | 0 | 15 | 0 | 11 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| 12 | मुंगेर | 33 | 0 | 33 | 0 | 7 | 2 | 11 | 8 | 0 | 5 | 0 | |
| 13 | नालंदा | 103 | 5 | 98 | 0 | 50 | 0 | 17 | 1 | 28 | 20 | 8 | 02 राजस्व ग्राम का सी0एस0 मानचित्र अनुपलब्ध |
| 14 | पूर्णिया | 6 | 0 | 6 | 0 | सभी राजस्व ग्रामों में पूर्ण हो चुका है। | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | सभी 06 राजस्व ग्राम में प्रपत्र–06 की प्रविष्टि प्रारंभ है। |
| 15 | सहरसा | 41 | 0 | 41 | 9 | 14 | 0 | 8 | 2 | 8 | 0 | 0 | |
| 16 | शेखपुरा | 65 | 27 | 38 | 0 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 32 | 0 | |
| 17 | शिवहर | 28 | 0 | 28 | 0 | 10 | 0 | 17 | 0 | 1 | 0 | 0 | |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | सीतामढी | 106 | 0 | 106 | 44 | 6 | 11 | 35 | 0 | 4 | 0 | 0 | |
| 19 | सुपौल | 64 | 15 | 49 | 15 | 9 | 0 | 10 | 4 | 0 | 11 | 0 | |
| 20 | प0 चम्पारण | 63 | 1 | 62 | 10 | 16 | 9 | 18 | 9 | 1 | 0 | 0 | 06 राजस्व ग्राम में याद्दाश्त लेखन एवं 03 राजस्व ग्राम में नक्शा पर कार्य जारी है। |

विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की जिलास्तरीय प्रगति की समीक्षा उपरान्त प्राप्त प्रतिवेदन एवं निदेश निम्नवत हैं–

(i) बैठक में उपस्थित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों का प्रारूप अथवा अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित कर दिया गया है, उनमें भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक–6537 दिनांक–19.08.2023 के अनुसार कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्रक्रम में किए गए कार्यों की जाँच चेकलिस्ट के अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(ii) समीक्षा में पाया गया कि बन्दोबस्त कार्यालय के स्तर से विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के प्रक्रमवार कार्य के आरंभ एवं पूर्ण होने के तिथि की प्रविष्टि मैप मॉडयूल में नहीं की जा रही है।

निदेशित किया गया कि सभी बन्दोबस्त कार्यालयों को मैप मॉडयूल की प्रविष्टियों के यथाशीघ्र अद्यतन करने का पत्र दिया जाए एवं मैप मॉडयूल के अद्यतन होने के पश्चात् ही जिला के **बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा जिले में पदस्थापित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी के वेतन का भुगतान किया जाए।**

(iii) बैठक में बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा जिला स्तर पर लिपिक एवं अनुसेवक के स्वीकृत पदबल के विरूद्ध बहुत कम कर्मियों के कार्यरत होने के कारण होने वाली असुविधा के सम्बन्ध में निवेदन किया गया ।

निदेशित किया गया कि निदेशालय (स्थापना शाखा) स्तर पर जिलावार पदस्थापित लिपिकीय संवर्ग एवं अनुसेवक संवर्ग के कर्मियों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करे।

**(अनुपालन–निदेशालय, स्थापना शाखा)**

(iv) बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बेल्ट्रॉन द्वारा जिलों को उपलब्ध कराए जाने वाले डाटा इंट्री ऑपरेटरों की पदस्थापना सम्बन्धी नीति (गृह जिला से दूरस्थ जिले में पदस्थापन की नीति) एवं समय पर डाटा इंट्री ऑपरेटरों को उपलब्ध नहीं कराए जाने के सम्बन्ध में बताया गया।

निदेशित किया गया कि निदेशालय (स्थापना शाखा) द्वारा बेल्ट्रॉन के साथ समन्वय स्थापित कर जिन जिलों में डाटा इंट्री ऑपरेटर की आवश्यकता है, वहाँ के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

**(अनुपालन–निदेशालय, स्थापना शाखा)**

(v) बैठक में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के सुनवाई प्रक्रम में प्रारूप अधिकार अभिलेख (प्रपत्र–12) एवं अंतिम अधिकार अभिलेख (प्रपत्र–20) के पूर्व रैयतों से प्राप्त होने वाली आपत्तियों और पारित आदेशों के भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड करने सम्बन्धी प्रस्तुतीकरण में पाया गया कि अभी तक प्रारूप अधिकार अभिलेख के पूर्व 52261 और अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशन के पूर्व 29099 दावा आपत्ति/आदेश को अपलोड नहीं किया गया है।

स्पष्ट है कि रैयतों से प्राप्त दावा, आपत्ति एवं आदेश के अपलोड सम्बन्धी प्रगति निराशाजनक है। निदेशित किया गया कि प्राथमिकता के आधार पर अविलंब सभी दावा, आपत्ति एवं आदेशों को भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए।

**(अनुपालन–सभी संबंधित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), शिविर प्रभारी)**

(vi) बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा उनके जिले में काँवर झील के पक्षी अभ्यारण्य की भूमि के सम्बन्ध में किए जाने वाले स्वामित्व सम्बन्धी दावों के सम्बन्ध में बताया गया कि बेगूसराय में काँवर झील के पक्षी अभ्यारण्य संरक्षित वन भूमि के रूप में घोषित होने के पूर्व उस क्षेत्र में वास करने वाले रैयतों के साथ सरकार द्वारा भू–बन्दोबस्ती की गई थी, जिसके आधार पर रैयतों द्वारा वर्त्तमान में स्वामित्व का दावा किया जा रहा है। उक्त के सम्बन्ध में मार्गदर्शन की मांग की गई।

निदेशित किया गया कि निदेशालय स्तर पर काँवर झील के पक्षी अभ्यारण्य की भूमि के सम्बन्ध में किए जाने वाले स्वामित्व सम्बन्धी दावों को स्पष्ट करने हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार, पटना से पत्राचार कर मार्गदर्शन की मांग की जाय।

**(अनुपालन–विशेष सर्वेक्षण कोषांग)**

(vii) साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि पक्षी अभ्यारण्य, वन भूमि, बाँध की भूमि इत्यादि की भूमि के सम्बन्ध में जिला स्तर पर समाहर्त्ता को समन्वयात्मक बैठक करने का अनुरोध किया जाए। अन्य प्रकार की सरकारी भूमि के सम्बन्ध में स्वामित्व निर्धारण के लिए अंचल से प्रतिवेदन प्राप्त कर लिया जाए।

**(अनुपालन–सभी संबंधित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), शिविर प्रभारी)**

(viii) बैठक में की गई समीक्षा के आधार पर प्रतिदिन प्रपत्र–6 में की जानेवाली प्रविष्टि में तेजी लाने तथा प्रतिदिन खानापुरी किए जाने वाले खेसरों की संख्या में वृद्धि करने का निदेश दिया गया। निदेशित किया गया कि जिला स्तर से प्रतिदिन प्रपत्र–6 की प्रविष्टि, खानापुरी तथा सुनवाई के कार्य की समीक्षा कर प्रत्येक प्रक्रम में प्रतिदिन की प्रगति को सुनिश्चित किया जाए।

**(जय सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09 / 2022 ......6835......**पटना, दिनांक**:05/09/2023

**प्रतिलिपिः** समाहर्त्ता, किशनगंज / बंदोबस्त पदाधिकारी, सहरसा / कटिहार / मुंगेर / नालंदा / खगड़िया / पूर्णियाँ / मधेपुरा / अरवल / जमुई / बेगूसराय / लखीसराय / जहानाबाद / अररिया / सीतामढ़ी / सुपौल / प0 चम्पारण / शिवहर / बांका / शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09 / 2022 ......6835......**पटना, दिनांक**:05/09/2023

**प्रतिलिपिः** अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), किशनगंज / सहरसा / कटिहार / मुंगेर / नालंदा / खगड़िया / पूर्णियाँ / मधेपुरा / अरवल / जमुई / बेगूसराय / लखीसराय / जहानाबाद / अररिया / सीतामढ़ी / सुपौल / प0चम्पारण / शिवहर / बांका / शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09 / 2022 ......6835......**पटना, दिनांक**:05/09/2023

**प्रतिलिपिः** जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09 / 2022 ......6835......**पटना, दिनांक**:05/09/2023

**प्रतिलिपिः** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप / उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना / प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय में पदस्थापित सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0 सेल / प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09 / 2022 ......6835......**पटना, दिनांक**:05/09/2023

**प्रतिलिपिः** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09 / 2022 ......6835......**पटना, दिनांक**:05/09/2023

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
5/9/23

D:\Sanjeev-2023\Birendra Sir_ASO\Proceeding\Proceeding_21.08.2023.docx